## "एक पेड़ माँ के नाम" - एनएसएस महा पौधारोपण अभियान

दिनांक 30 जुलाई 2026 को अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई I, II एवं III द्वारा ईको एवं ऊर्जा संरक्षण क्लब के सहयोग से "एक पेड़ माँ के नाम" राष्ट्रव्यापी अभियान के अंतर्गत अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ एवं इसके गोद लिए गए गाँव चंदावली में महा पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना, हरित आवरण में वृद्धि करना तथा विद्यार्थियों एवं स्थानीय समुदाय को सतत एवं स्वच्छ भविष्य के निर्माण हेतु प्रेरित करना था। यह कार्यक्रम उच्चतर शिक्षा निदेशालय, हरियाणा के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, ताकि पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाई जा सके तथा **"एक पेड़ माँ के नाम"** राष्ट्रव्यापी अभियान में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सके।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में श्री प्रदीप तोंगर जी, पार्षद, वार्ड संख्या-44, नगर निगम फरीदाबाद (MCF), उपस्थित रहे। उन्होंने एनएसएस प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना करते हुए पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने, जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने तथा भावी पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वच्छ वातावरण के निर्माण में वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। अभियान के दौरान मुख्य अतिथि, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी, स्वयंसेवक एवं ग्रामवासियों द्वारा 350 पौधों का रोपण किया गया। लगाए गए पौधों में जामुन, अश्वगंधा, नाशपाती, गुलाबड़े, शीशम, अर्जुन, जंगल जलेबी, बेर, अशोक, अमरूद, मेहंदी, बरगद, गुंधल, पीपल एवं तुलसी जैसी स्वदेशी एवं औषधीय प्रजातियाँ शामिल थीं, जो जैव विविधता के संरक्षण तथा पर्यावरणीय सततता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी। यह कार्यक्रम डॉ. सी. एस. वशिष्ठ, कार्यवाहक प्राचार्य, के कुशल मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. प्रियंका सहरावत (कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस इकाई-II), डॉ. दीपमाला धनकर (कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस इकाई-III) एवं श्रीमती पूनम शर्मा (कार्यक्रम

अधिकारी, एनएसएस इकाई-I) द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

यह गतिविधि राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श वाक्य "स्वयं से पहले आप" (Not Me, But You) की भावना को साकार करती है तथा प्रकृति एवं समाज के प्रति सामूहिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है।

"एक पेड़ लगाएँ, प्रकृति को संवारें - एक पेड़ माँ के नाम।" 🌱